# छोटे बिज़नेस और गैर-लाभकारी संस्थाओं के लिए सुविधाजनक लोन

**वॉशिंगटन SMALL BUSINESS FLEX FUND 2** एक ऐसा संसाधन है जो आपको अपना बिज़नेस बढ़ाने में मदद करेगा। Washington State Department of Commerce (राज्य का वाणिज्य विभाग) द्वारा समर्थित यह फ़ंड छोटे बिज़नेस और गैर-लाभकारी संस्थाओं को उनके विकास के लिए आवश्यक वित्तीय सहायता प्राप्त करने में मदद करता है।

SMALL BUSINESS flexFUND

# छोटे बिज़नेस के अनुकूल एक लोन *– ताकि आप अगला कदम उठा सकें।*

SMALL BUSINESS FLEX FUND 2

वॉशिंगटन राज्य में, बड़ी संख्या में छोटे बिज़नेस और गैर-लाभकारी संस्थाओं को विकास और बढ़ोतरी के लिए ज़रूरी वित्तीय संसाधन प्राप्त करने की कोशिश में काफ़ी दिक्कतें झेलनी पड़ती हैं।

इस प्रोग्राम का उद्देश्य Department of Commerce द्वारा स्वीकृत सामुदायिक ऋणदाताओं के नेटवर्क के माध्यम से उनके लिए गुणवत्तापूर्ण, सुविधाजनक और किफ़ायती लोन प्रोडक्ट प्रदान करना है।

### इसके लिए पात्र बिज़नेस को इन शर्तों को पूरा करना होगा

- 50 से कम कर्मचारी
- 5 मिलियन डॉलर से कम का वार्षिक राजस्व
- आवेदन करने से पहले कम से कम एक साल तक बिज़नेस से जुड़ा रहा हो

### कम से कम ब्याज दरें

- 250,000 डॉलर तक उधार लें
- दरें WSJ प्राइम दर से 1-4% ज्यादा
- लोन की अवधि के लिए निश्चित ब्याज दर
- 36 से 72 महीने की लोन अवधि
- पूर्वभुगतान के लिए कोई जुर्माना नहीं

### लोन का इस्तेमाल करना सुविधाजनक है

- पे-रोल
- मूलभूत सुविधाएं और किराया
- मार्केटिंग एवं विज्ञापन
- भवन सुधार या मरम्मत
- बिज़नेस संबंधी अन्य खर्च

वॉशिंगटन Small Business Flex Fund 2 कोई माफ़ी-योग्य लोन प्रोग्राम नहीं है। इसमें उधारकर्ता को 3 से 6 साल की अवधि में ब्याज के साथ लोन की पूरी राशि चुकानी होगी।

SMALLBUSINESSFLEXFUND.ORG

Washington State Department of Commerce

# छोटे बिज़नेस के फलने-फूलने से समुदाय मजबूत होता चला जाता है।

छोटे बिज़नेस और स्थानीय संगठन, चाहे वे रेस्तरां, पेशेवर सेवा-प्रदाता, निर्माता, स्थानीय फार्म या समुदाय-आधारित गैर-लाभकारी संगठन हों, हमारे समुदायों को फलने-फूलने में मदद करते हैं और साथ ही नौकरियों के अवसर पैदा करके राज्य की अर्थव्यवस्था के विकास में योगदान करते हैं।

**36-72** महीने की लोन अवधि

**$250,000** तक उधार लें

**1-4%** ज्यादा, WSJ प्राइम ब्याज दर से

**SMALL BUSINESS FLEX FUND 2**

सुविधाजनक, किफायती लोन

निश्चित, कम से कम ब्याज दरें

### पारंपरिक लोन प्रोग्रामों से अलग

Small Business Flex Fund 2 का मकसद क्रेडिट स्कोर या कुछ गिरवी रखने की शर्तों और समापन लागतों के अलावा लगाए जाने वाले मूल शुल्क को हटाकर वित्तीय संसाधनों में आने वाली बाधाओं को कम करना है। आपके बिज़नेस की जरूरतों और लक्ष्यों के आधार पर फ़ंड को सुविधाजनक ढंग से खर्च किया जा सकता है।

## स्थानीय, सामुदायिक ऋणदाता जो आपकी सफलता की परवाह करते हैं

हम तैयार हैं। आइए बात करते हैं!

वॉशिंगटन Small Business Flex Fund 2 में समुदाय-आधारित ऋणदाताओं का एक नेटवर्क शामिल है, जिसके पास वॉशिंगटन के ऐसे समुदायों के छोटे बिज़नेस और गैर-लाभकारी संस्थाओं की मदद करने का दशकों का अनुभव है जिन्हें पर्याप्त सेवा और पर्याप्त बैंकिंग सुविधा नहीं मिली है। ये सामुदायिक ऋणदाता लोन प्रक्रिया के हर चरण में आपकी सहायता कर सकते हैं।

## क्या उम्मीद की जाए

- इच्छुक उधारकर्ता SmallBusinessFlexFund.org पर ऑनलाइन पोर्टल के माध्यम से पूर्व-आवेदन कर सकते हैं।
- पोर्टल के माध्यम से पात्र उधारकर्ताओं का मिलान स्थानीय समुदाय-आधारित ऋणदाता से किया जाएगा।

## आवेदन कैसे करें

- SmallBusinessFlexFund.org पर जाएं

आज ही अपने स्थानीय, समुदाय-आधारित ऋणदाता से जुड़ें!

Washington State Department of Commerce

SMALLBUSINESSFLEXFUND.ORG

**अस्वीकरण**: सीमित मात्रा में फ़ंड की उपलब्धता तथा आवेदनों की अपेक्षित बड़ी मात्रा के कारण यह अनुमान लगाया जा रहा है कि सभी आवेदकों को लोन नहीं मिल पाएगा। आवेदन प्राप्त होते ही उनकी समीक्षा की जाएगी तथा प्रोग्राम के उद्देश्यों के अनुसार उनको मैनेज किया जाएगा। **हम जल्द से जल्द आवेदन करने का सुझाव देते हैं।**

Washington State Small Business Credit Initiative (SSBCI, राज्य में छोटे बिज़नेस के लिए लोन सुविधा) पूरे वॉशिंगटन में छोटे बिज़नेस और गैर-लाभकारी संस्थाओं को आवश्यक पूंजी उपलब्ध कराती है और यह ऐसा खासतौर पर सदियों से पर्याप्त सेवा और प्रयाप्त बैंकिग सुविधा से वंचित समुदायों के लिए करती है। SSBCI का प्रबंधन वॉशिंगटन राज्य के Department of Commerce द्वारा, पूरे राज्य में अमेरिकी Department of Treasury (ट्रेजरी विभाग) और वित्तीय संस्थानों के सहयोग से किया जाता है। ज्यादा जानकारी के लिए https://bit.ly/wa-small-biz-loans पर जाएं।